## पशु चिकित्सक, ज्येष्ठ एवं सहायक संपरीक्षक परीक्षा 23 को

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित होने वाली पशु चिकित्सक (संविदा), ज्येष्ठ संपरीक्षक और सहायक संपरीक्षक भर्ती परीक्षा आगामी 23 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से 1.15 बजे तक व्यापम द्वारा निर्धारित 21 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती पूनम शर्मा को नोडल अधिकारी और सहायक परियोजना अधिकारी श्री के.एस. पटले को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 06 में कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका दूरभाष नंबर 0771-2413233 है।

## बिलासपुर लाठीचार्ज: जांच होने तक एएसपी पीएचक्यू अटैच

रायपुर (आरएनएस)। बिलासपुर जिले में कांग्रेस भवन में पुलिस बल द्वारा कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर की गई लाठीचार्ज मामले में जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर को जांच होने तक पुलिस मुख्यालय में अटैच कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने प्रदेशव्यापी अटल यात्रा के दौरान गुरूवार को सूरजपुर जिले में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बिलासपुर लाठीचार्ज मामले में कहा कि बिलासपुर की घटना की दंडाधिकारी जांच के आदेश जारी हो गए है और इस मामले की जांच होने तक बिलासपुर के एडीशनल एसपी नीरज चंद्राकर को पुलिस मुख्यालय में अटैच कर दिया गया है।

## मांगों को लेकर छात्रों ने की तालाबंदी

पौड़ी (आरएनएस)। पौड़ी परिसर के छात्रों ने गुरुवार विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया और तालाबंदी की। छात्रों का आरोप था कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। जिसके कारण छात्रों में रोष है। इस मौके पर परिसर निदेशक के माध्यम से कुलपति को भी ज्ञापन भेजा गया। पौड़ी परिसर में गुरुवार को छात्रों ने धरना दिया। छात्रों ने मांग की कि पीजी कक्षाओं के पहले सेमेस्टर की खाली सीटों पर प्रवेश बिना प्रवेश परीक्षा के किए जाए। यही नहीं छात्रों को माइग्रेशन और प्रोविजनल प्रमाण पत्र श्रीनगर के बजाए पौड़ी परिसर में बनाए जाएं। इसके लिए छात्रों को पौड़ी से श्रीनगर तक की दौड़ लगानी पड़ रही है। छात्र पदाधिकारियों ने कहा कि बैक और सेमिस्टर प्रणाली के परीक्षा परिणाम भी घोषित नहीं हो रहे हैं। ऐसे में छात्रों को परेशानी हो रही है। यही नहीं पूर्व में बस सेवा, बायोमेट्रिक, एटीएम, वाईफाई, सीसीटीवी , बीएड एवं एलएलएम को रेगुलर जैसी मांगों पर भी कोई कदम नहीं उठ पाया है। छात्रों ने इस संबंध में एक ज्ञापन भी परिसर निदेशक के माध्मय से कुलपति को भेजा। साथ ही कहा है कि जब तक परिसर उनकी मांगों पर कोई कदम नहीं उठता है तब तक छात्र हड़ताल करने के लिए विवश होंगे। जरूरत पड़ी तो तालेबंदी भी की जाएगी। इस मौके पर छात्र संघ सचिव अंकित रावत, कृष्ण पटवाल,कोषाध्यक्ष प्रिंयका रावत, सह सचिव शिवानी भंडारी, रचना रावत ,पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष आशीष नेगी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रफ्फुल बहुगुणा, पूर्व छात्र संघ सचिव आकाश रावत, दीपक नौटियाल,नितिन रावत व मोहित सिंह आदि शामिल रहे।

## भोपाल में राज्य स्तरीय कहानी उत्सव 8 अक्टूबर को

### प्राथमिक और माध्यमिक सरकारी स्कूलों के बच्चों के मध्य होगी प्रतियोगिताएं

रायसेन (आरएनएस)। प्रदेश में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में पठन-पाठन की प्रक्रिया में रोचकता लाने के मकसद से दो श्रेणियों में कहानी उत्सव आयोजित किया जा रहा है। कहानी उत्सव का राज्य स्तरीय कार्यक्रम कहानी सम्राट मुंशी प्रेमचन्द्र की पुण्य तिथि पर 8 अक्टूबर को भोपाल के प्रगत शैक्षिक शिक्षा महाविद्यालय में होगा।

बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत सामग्री केरल पहुंचीगुना ,20 सितंबर (आरएनएस)। विगत दिनों केरल में आई प्राकृतिक आपदा भीषण बाढ़ के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा सामुहिक सामाजिक जिम्मेदारियों की पहल करते हुए बाढ़ प्रभावितों के लिए लगभग 5 लाख रूपये राशि की राहत सामग्रियों से भरे 60 बाक्स, 12 बेग, और 33 बोरी संकलित कर केरल बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ पहुंचाई गई। राहत सामग्रियों में कपड़े, खाने का सामान, कम्बल, चादर, बर्तन, जूते-चप्पल, अनाज, लगभग 400 कॉपियां, खाने एवं अन्य सामान की किट, गरम कपड़े, पुराने कपड़े, 10 क्विंटल गेहूँ बोरियों में और आवश्यक दवाइयां शामिल हैं। यह सामग्री कलेक्टर विजय दत्ता द्वारा केरल आपदा प्रभावितों की सहायता की अपील पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, व्यक्तियों तथा शिक्षण संस्थाओं द्वारा दान की गई थी। राहत सामग्री लेकर गुना से ट्रक 11 सितंबर 2018 को रवाना हुआ था।

## भाजपा मुक्त छत्तीसगढ़ अब बनेगा खुशहाल

### जेसीसी-बसपा का हुआ गठबंधन

### दलित, पिछड़ो, आदिवासियों मे उत्साह का माहौल

### जेसीसी-बसपा के कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर चैक में पहुंचकर फटाके फोड़े, बांटी मिठाईया


रायपुर (आरएनएस)। भाजपा मुक्त छत्तीसगढ़ अब बनेगा खुशहाल यह बांते नगर घड़ी चैक स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर फ्टाखें फेड़े और खुशी का इजहार करते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे और बहुजन सामाज पार्टी के कार्यकर्ता संयुक्त रुप से पत्रकारों से कहा, इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महासचिव व अति पिछड़ा वर्ग के प्रभारी सूरज निर्मलकर ने कहा छत्तीसगढ़ के दबे कुचले शोषित अन्य पिछड़ा वर्ग समाज को इस निर्णण का बेसब्री का इंतजार था जो दोनो राष्ट्रीय और सामाजिक सोंच रखने वाले नेताओं ने क्रमशः अजीत जोगी और सुमायावती ने कर दिखाया। उक्ताशय की जानकारी देते हुए पार्टी के प्रवक्ता भगवानू नायक ने बताया छत्तीसगढ़ के ढाई करोड़ जनता के हित के लिए राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री व क्षेत्रीय राजनीतिक दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के सुप्रीमों अजीत जोगी एवं बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन सुमायावती के द्वारा लखनऊ में प्रेसवार्ता के माध्यम से जेसीसी-बसपा के गठबंधन का ऐलान कर दिया।

## दो वारंटी नक्सली गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की बीजापुर एवं दंतेवाड़ा जिला पुलिस ने दबिश देकर दो स्थायी वारंटी नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जो संगीन वारदातों में वांछित रहे हैं। थाना मिरतुर के उप निरीक्षक सुरेश चंद्र यादव के हमराह पार्टी एरिया डोमिनेशन पर ग्राम तड़केल की ओर निकला था। सर्चिंग के दौरान मिरतुर के एक स्थायी वारण्टी सनकू कड़ती पिता स्व.पाण्डरू उर्फ मंगू जाति मुरिया उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बेचापाल स्कूल पारा को घेराबन्दी कर पकड़ा गया।

# ईजी फायनेंस कंपनी के नाम पर ठगी, 4 नोएडा से गिरफ्तार

रायपुर। बेराजगारों को रोजगार के नाम लोन देने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के 4 सदस्यों को राजधानी पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार किया है। आज क्राईम ब्रांच की टीम ने ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। चारों शातिर आरोपी लोगों से लोन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करते थे। गिरोह ने देशभर में अब तक हजारों लोगों को अपने झांसे में लेकर करोड़ो की ठगी कर चुके है। क्राईम ब्रांच डीएसपी अभिषेक माहेश्वरी ने बताया कि नोएडा के सेक्टर 63 के पॉश ईलाके से संचालित कर हाईटेक कॉल सेंटर बना रखे थे। आरोपियों के कब्जे से 20 मोबाइल, 3 सीपीयू, 3 मॉनीटर सहित कम्प्यूटर सेट व रजिस्टर भी जब्त किया गया है। आरोपियों के खाते से 6 लाख रुपए




सीज किए गए हैं। ये सभी गेट ईजी लोन के अलावा रिडॉयल इंडिया सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर ठगी का शिकार बनाते थे। आरोपी के नाम चंदन कुमार, प्रभु दयाल, अंकित जाटव और शक्ति कुमार सभी मूलतः यूपी के निवासी हैं।

पंडरी थाना में डेरहा राम साहू अम्बूजा मॉल में एक कंपनी में काम करता है। कुछ दिन पहले डेरहा राम के मोबाईल में गेट ईजी फायनेंस कंपनी के सेल्स एक्जीक्यूटिव के नाम से एक काल आने की शिकायत किया था। डेरहाराम ने एक लाख लोन के लिए दिये हुये वाटसअप नंबर पर आधार कार्ड, कैंसिल चेक, पेनकार्ड एवं दो पासपोर्ट साईज की फोटो भेज दी। कुछ समय बाद आरोपियों ने जीएसटी जमा करने के नाम पर 10,000 रूपये की मांग की। डेरहा राम ने दिये हुये एकाउंट नंबर में रूपए जमा करवा दिये।

# पत्रकार स्वास्थ्य समूह बीमा योजना में फार्म भरने की अंतिम तारीख 10 अक्टूबर

### पूर्व से बीमित पत्रकार 25 सितम्बर, 2018 तक कराएं नवीनीकरण

गुना (आरएनएस)। पत्रकार स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना में शामिल होने के लिये फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर, 2018 निर्धारित की गई है। पूर्व से बीमित पत्रकार 25 सितम्बर, 2018 तक आवेदन जमा करेंगे, तब उनकी नई पॉलिसी 1 अक्टूबर, 2018 से प्रभावी हो सकेगी। अन्यथा आवेदन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर, 2018 के बाद पॉलिसी प्रभावी होगी। व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा 2 लाख अथवा 4 लाख रुपये का करवाया जा सकता है। दो लाख के स्वास्थ्य बीमा में दुर्घटना बीमा 5 लाख और 4 लाख के स्वास्थ्य बीमा में दुर्घटना बीमा 10 लाख है। बीमा योजना में 21 से 70 वर्ष उम्र तक के संचार प्रतिनिधि शामिल हो सकते हैं। पूर्व से बीमित पत्रकार 80 वर्ष तक की उम्र तक शामिल हो सकेंगे। नई दिल्ली में कार्यरत मध्यप्रदेश के मूल निवासी पत्रकारों को भी योजना में पात्रता होगी।

पत्रकारों का यह बीमा एक साल के लिये किया जायेगा। साठ वर्ष तक के पत्रकार की बीमा किस्त का 75 प्रतिशत और 61 से 70 वर्ष के पत्रकारों के बीमा किस्त का 85 प्रतिशत जनसम्पर्क संचालनालय द्वारा दिया जायेगा। पति, पत्नी, बच्चों एवं माता-पिता को भी योजना में शामिल किया जा सकेगा। बीमा पालिसी में पहले से विद्यमान सभी बीमारी शामिल होंगी।

### गैर-अधिमान्य पत्रकार भी होंगे शामिल

शासन द्वारा गैर-अधिमान्य पत्रकारों को भी योजना में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। इन पत्रकारों का 50 प्रतिशत प्रीमियम पत्रकार द्वारा और 50 प्रतिशत जनसम्पर्क विभाग द्वारा दिया जायेगा। इस श्रेणी में दैनिक समाचार-पत्र के 4, साप्ताहिक अथवा पाक्षिक या मासिक पत्र-पत्रिका अथवा इलेक्ट्रॉनिक एवं वेब मीडिया के दो-दो प्रतिनिधियों को पात्रता होगी।

आरएनआई में रजिस्टर्ड नियमित पत्र-पत्रिकाओं के प्रतिनिधि योजना में पात्र होंगे। पॉलिसी में बीमा कम्पनी के चिन्हित अस्पतालों में इलाज की केशलेस व्यवस्था होगी। पुरानी बीमा पॉलिसी 30 सितम्बर को समाप्त हो जायेगी।

# शासकीय योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए में संभागीय टीम गठित

रायपुर (आरएनएस)। संभाग अंतर्गत जिलों के विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों का शासन की मंशा अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा उनके क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए रायपुर संभाग आयुक्त जी.आर. चुरेन्द्र ने एक संभागीय टीम का गठन किया है। अपर आयुक्त रायपुर संभाग की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय संभाग स्तरीय क्रियान्यन एवं समन्वय समिति गठित की है। इसमें कृषि, स्वास्थ्य सेवाएं, पशुचिकित्सा सेवाएं, सहकारी संस्थाएं के संयुक्त संचालकों, परियोजना प्रशासक महानदी आयाकट विकास प्राधिकरण, जल संसाधन एवं भू-जल सर्वेक्षण मंडल, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रायपुर मण्डल, जल संसाधन विभाग (वि/यां) एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंताओं तथा रायपुर संभाग के उपायुक्त को समिति का सदस्य बनाया गया है।

श्री चुरेन्द्र ने कहा है कि इस समिति की बैठक में माह में एक बार आयोजित की जाएगी। समिति द्वारा संभाग के अंतर्गत शासन द्वारा विभिन्न विभागों में लागू की गई योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्ट विभागों से लेकर समेकित रिपोर्ट तैयार की जाएगी। रिपोर्ट का परीक्षण करने के पश्चात जिन विभागों से योजना क्रियान्वयन की अपेक्षित प्रगति नहीं पाई जाएगी या कोई कमियां पायी जाएंगी वहां शिविर और कार्यशाला के माध्यम से विभागों के समन्वयन और सहयोग से लक्ष्य अनुरूप प्रगति लाने की विशेष पहल की जाएगी।

उन्होंने बताया कि समिति के द्वारा जिले के अंतर्गत अलग-अलग तिथियों में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक ब्लाक मुख्यालय या बड़े गांवों में जिले के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विशेष शिविर सह कार्यशाला आयोजित कर जहां योजनाओं के क्रियान्वयन को गतिशीलता प्रदान की जाएगी वहीं हितग्राही मूलक योजनाओं में विभिन्न आदान-सामग्रियों का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

# महिलाएं किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं-अजेश

### तीन दिवसीय महिला/पुरूष कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ

### प्रथम महिला व पुरूष विजेता खिलाड़ी को मिलेंगे 15-15 हजार रुपए

रायगढ़ । खेल में यदि हार जाओ तो सरमाओ नहीं और जीत जाओं तो इतराओ नहीं... कोई भी खेल छोटा या बड़ा नहीं होता। खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेले तो जीत निश्चित है। उक्त बाते आज जिला पंचायत के अध्यक्ष अजेश पुरूषोत्तम अग्रवाल ने चक्रधर समारोह के दौरान आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है जिससे शरीर एवं स्वास्थ्य दोनों ठीक रहता है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। सभी खिलाड़ी अच्छे से खेले और देश-दुनिया में अपना नाम रोशन करें। उन्होंने सभी खिलाडियों को अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

34 वें चक्रधर समारोह के दौरान तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ आज स्थानीय रामलीला मैदान में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री



अजेश पुरूषोत्तम अग्रवाल एवं कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने भगवान बजरंग बली के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कबड्डी प्रतियोगिता 20 से 22 सितम्बर तक चलेगा। इस मौके पर रायगढ़ जिले के 9 विकासखण्डों से लगभग 350 महिला-पुरूष खिलाड़ी शामिल हुए है। जिसमें प्रथम महिला एवं पुरूष विजेता खिलाड़ी को 15-15 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। कलेक्टर ने विकासखण्ड से आए सभी खिलाड़ियों को ड्रेस का वितरण किया। इस अवसर पर सभी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे भी लगाए।

कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने कहा कि जिला प्रशासन एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित चक्रधर समारोह का यह 34 वां वर्ष है। उन्होंने कहा राजा चक्रधर सिंह ने जो बीज बोया था उसका स्वाद हम चख रहे है। चक्रधर समारोह यह एक ऐसा मंच है जिसमें देश के कई राज्यों से यहां बड़े से बड़े कलाकार अपनी कला की प्रस्तुति देते है। इसी के साथ ही यहां कुश्ती एव कबड्डी खेल भी देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि बेटा या बेटी में कोई फर्क नहीं है।

# मेरे पिता ने मुझे प्रेरित किया : शाहिद कपूर



अभिनेता शाहिद कपूर का कहना है कि वह अपने पिता और दिग्गज अभिनेता पंकज कपूर से प्रेरणा लेते हैं। शाहिद का यह भी मानना है कि वह अपने पिता के स्तर पर कभी नहीं पहुंच सकते। अभिनेता ने कहा, मेरे पिता मुझे बेहद प्रेरित करते हैं। मौसम फिल्म में जब मैं उनके साथ काम कर रहा था, तो मुझे मेरे जीवन की महत्वपूर्ण सीख मिली। सबसे खास यह थी कि निर्देशक की सोच का पालन करना।

शाहिद ने कहा, मेरे पिता अधिक बातें नहीं कहते और मुझे ऐसा महसूस होता है कि मुझे प्रेरित करने के लिए एक स्तर नीचे आते हैं क्योंकि वह एक बेतरीन इंसान हैं। मैं उनके स्तर तक कभी नहीं पहुंच सकता।

टेलीविजन चैनल जी टीवी के शो इंडियाज बेस्ट ड्रामेबाज में अपनी आगामी फिल्म बत्ती गुल मीटर चालू का प्रचार करने आए शाहिद ने ये बातें साझा की। यह फिल्म आज 21 सितम्बर को रिलीज होगी। नारायण सिंह द्वारा निर्देशित यह फिल्म बिजली प्रणाली में भ्रष्टाचार की समस्याओं से जूझ रहे लोगों की कहानी को दर्शाती है।

# लवरात्रि नहीं अब लवयात्री हैं सलमान की फिल्म का नाम

सलमान खान की होम प्रॉडक्शन लवरात्रि अनाउंसमेंट के वक्त से ही सुर्खियों में बनी हुई है। इसकी वजह इस फिल्म से डेब्यू कर रहे सलमान के जीजा आयुष शर्मा नहीं, बल्कि इस फिल्म का टाइटल है, जिसे पिछले काफी वक्त से विवाद चल रहा है। दरअसल लवरात्रि के ट्रेलर को आने वाले नवरात्रि के त्योहार को ध्यान में रखकर रिलीज़ किया गया था। चूंकि फिल्म की कहानी भी इसी त्योहार के इर्द-गिर्द घूमती है, इसीलिए फिल्म का टाइटल भी लवरात्रि रखा गया।



हालांकि कुछ दक्षिणपंथी संगठनों ने आपत्ति जताते हुए इस फिल्म के मेकर्स पर नवरात्रि के नाम को खराब करने का आरोप लगाया। पूरे विवाद को देखते हुए अब सलमान खान ने अपनी इस फिल्म का नाम बदलकर लवयात्री कर दिया है और इसकी घोषणा उन्होंने ट्विटर के ज़रिए की। फिल्म के बदले नाम वाले नए पोस्टर को ट्वीट करते हुए सलमान ने लिखा, यह कोई स्पेलिंग मिस्टेक नहीं है। फिल्म का बदला नाम है- लवयात्री।

बता दें कि विश्व हिंदू परिषद संगठन और बाकी कुछ संगठनों ने फिल्म के टाइटल को चेंज करने की डिमांड की। पिछले हफ्ते ही बिहार की मुजफ्फरपुर कोर्ट ने हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने के लिए सलमान और फिल्म से जुड़े बाकी सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

# ईव्हीएम और वीवीपेट का प्रदर्शन और हैण्ड्स ऑन ट्रेनिंग 25 से 28 तक

### जिले के 21 हजार अधिकारी-कर्मचारी लेंगे प्रशिक्षण

रायपुर (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. बसवराजु एस. के निर्देशन पर जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन और वीवीपीएटी के संबंध में हैण्ड्स ऑन ट्रेनिंग 25 सितंबर से 28 सितंबर तक प्रदान की जाएगी। ईव्हीएम और वीवीपेट के प्रदर्शन एवं हैण्ड्स ऑन ट्रेनिंग बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिल्दा नेवरा में, धरसींवा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 47 के लिए शासकीय छत्तीसगढ़ महाविद्यालय बैरन बाजार में, रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 48 के लिए शासकीय जे.आर. नायडू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेलीबांधा में तथा रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 49 के लिए शासकीय जे.एन. पाण्डेय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की जाएगी। इसी तरह रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 50 के लिए शासकीय जे.आर. दानी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 51 के लिए शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय, आरंग विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 52 के लिए माध्यवराव सप्रे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा अभनपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 53 के लिए शासकीय महाविद्यालय अभनपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 सितंबर से 28 सितंबर तक निर्धारित स्थलों में दो पालियों में आयोजित होगा। प्रथम पाली सबेरे साढ़े 10 बजे से अपरांह डेढ़ बजे तक और दूसरी पाली अपरान्ह ढाई बजे से साढ़े 5 बजे तक आयोजित होगी।

एजुकेशन

# अब हर संस्थान के छात्रों को मिलेगी प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप

नई दिल्ली। प्रतिभा पलायन यानी ब्रेन ड्रेन रोकने के मकसद से शुरू की गई प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप (पीएमआरएफ) को और समावेशी बनाने के लिये मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने इसके दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। अब इसके तहत आईआईटी, एनआईटी, आईआईआईएसई, आईआईएसईआर, आईआईईएसटी के अलावा भारत में मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के एमटेक एवं पीएचडी करने वाले छात्र भी आवेदन कर सकेंगे ।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी भाषा को बताया कि मंत्रालय को प्राप्त सुझावों एवं योजना को अधिक समावेशी बनाने के लिये उपयुक्त प्राधिकार की मंजूरी से योजना को लागू करने के दिशानिर्देशों में संशोधन किया गया है। संशोधित दिशानिर्देश मई 2019 से लागू होंगे ।

इस विषय में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों, एआईसीटीई के अध्यक्ष, यूजीसी के अध्यक्ष, राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के



मुख्य सचिवों को 11 सितंबर 2018 को पत्र लिखा गया है।

**कौन कर सकता है आवेदन**

प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप योजना का प्रस्ताव इस साल के बजट में किया गया था । इसके मूल दिशानिर्देशों के अनुसार, आईआईएसई, आईआईटी, एनआईटी, आईआईएसईआर और आईआईईएसटी से बीटेक स्नातक (पांच वर्ष के कोर्स उत्तीर्ण कर चुके छात्र) या बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र, एमटेक इंटिग्रेटेड या इंटिग्रेटेड एमएससी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के पात्र छात्र आवेदन कर सकते थे।

संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार, अब भारत में मान्यता प्राप्त अन्य संस्थानों या विश्वविद्यालयों के पात्र छात्र भी आवेदन कर सकेंगे। इसमें बीटेक स्नातक ्पांच वर्ष के कोर्स पास॰ या बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र, पंचवर्षीय एमटेक इंटिग्रेटेड या विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय से पंचवर्षीय इंटिग्रेटेड एमएससी या दो वर्षीय एमएससी के पात्र छात्र आवेदन कर सकेंगे। इन उम्मीदवारों के लिये कम से कम 8 सीजीपीए या गेट परीक्षा के विषय में 750 अंक अनिवार्य होंगे ।

संशोधित मानदंडों के अनुसार, अब प्रत्येक विषय के लिये शीर्ष संस्थान के रूप में %हिस्सा लेने वाले संस्थान की जगह %एक मेजबान संस्थान जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है कि सभी आईआईटी, आईआईएसईआर और आईआईएससी मेजबान संस्थान होंगे जहां प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप प्राप्त करने वाले शोध या अध्ययन करेंगे।

इसमें कहा गया है कि प्रत्येक फेलो को पड़ोस के आईटीआई या पोलिटेक्निक या इंजीनियरिंग कालेज में सप्ताह में एक बार पढ़ाना होगा जो सरकार द्वारा तय रूपरेखा के अनुरूप होगा । चयन प्रक्रिया में कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर लिखित परीक्षा या चर्चा करायी जा सकती है । इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय समन्वय समिति योजना को लागू करने की शीर्ष निकाय होगी और इसका गठन मानव संसाधन विकास मंत्रालय करेगा । लिखित परीक्षा लेने या चर्चा कराने के विषय पर निर्णय राष्ट्रीय समन्वय समिति करेगी ।

**फेलोशिप राशि**

प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप योजना के तहत पात्रता मानदंड पूरा करने वाले छात्रों को पहले 2 वर्षों के लिए 70,000 रूपये प्रति माह, तीसरे वर्ष के लिए 75,000 रूपये प्रति माह तथा चौथे और 5वें वर्ष में 80,000 रूपये प्रति माह की फेलोशिप प्रदान की जाएगी । इसके अलावा प्रत्?येक अध्?येता को अंतरराष्?ट्रीय सम्?मेलनों और सेमिनारों में शोध पत्र प्रस्?तुत करने के लिए उनकी विदेश यात्रा से संबंधित खर्च को पूरा करने के लिए 5 वर्ष की अवधि के लिए 2 लाख रूपये का शोध अनुदान दिया जाएगा।